हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 25 जुलाई 2026

12 एलएडीसी नीति के विरोध में बकीलों ने किया प्रदर्शन




12 साइबर ठगी और सोशल मीडिया सुरक्षा का दिया प्रशिक्षण



## खबर संक्षेप

### ख्योंवाली से हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने गांव ख्योंवाली क्षेत्र से बाइक सवार युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी की पहचान अमित सिंह के रूप में हुई है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग पर थी। इसी दौरान ख्योंवाली चौक पर एक बाइक सवार युवक आता दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को देखकर वापस मुडक़र भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 7 ग्राम 76 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन आज

**डबवाली।** नीट पेपर लीक होने पर विद्यार्थियों द्वारा दिल्ली में शांतिपूर्वक किए जा रहे प्रोटेक्ट पर जिस तरीके से केंद्रीय सरकार ने बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज करवाया है उसके विरोध में डबवाली हल्का कांग्रेस पार्टी द्वारा कांग्रेस नेता डॉ. केवी सिंह व पूर्व विधायक अमित सिहाग के नेतृत्व में शनिवार को धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता शनिवार को गांधी चौक पर जुटेंगे, वहां पर विद्यार्थियों के हक में तथा सरकार की हठधर्मिता और अहंकार के विरोध में धरना प्रदर्शन करने के बाद शहीदी चौक तक पैदल मार्च निकाला जाएगा।

### वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक 26 को

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक उपप्रधान बनारसी दास मोंगा की अध्यक्षता में 26 जुलाई 2026 रविवार को सांय 5 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी देते हुए सचिव सुग्रीव सिंह बिश्नोई ने बताया प्रधान ईश्वर देवी सेठी निजी कारणों के चलते बाहर गई हुई है बैठक की अध्यक्षता उपप्रधान बनारसी दास मोंगा करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं बारे विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याएं लिखित में लेकर आए ताकि संबंधित विभागों से हल करवाया जा सके। बैठक में जिन वरिष्ठ नागरिकों का जुलाई मास में जन्मदिन है उनका जन्मदिन भी मनाया जाएगा।

### ग्राम खैरेकां में चलाया पौधरोपण अभियान

**सिरसा।** यूथ क्लब एसोसिएशन के तत्वावधान में ग्राम पंचायत खैरेकां एवं खैरेकां क्लब द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयखैरेकां परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान में विद्यार्थियों, युवाओं एवं ग्रामवासियों ने फूलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण का निर्माण तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान सभी ने पौधों की नियमित देखभाल करने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया।

*फतेहाबाद को सबसे अधिक 2 करोड़, टोहाना-रतिया समेत पांच शहरों के डंपिंग साइट होंगे खाली वैज्ञानिक तरीके से होगा निस्तारण*

# पांच शहरों से हटेंगे कूड़े के पहाड़, 94 हजार टन कचरे के निस्तारण को 5.30 करोड़ मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले के पांच शहरी निकाय क्षेत्रों में वर्षों से डंपिंग साइटों पर जमा करीब 94 हजार टन पुराने कचरे के निस्तारण का रास्ता साफ हो गया है। स्थानीय निकाय विभाग ने इसके लिए 5.30 करोड़ रुपये की मंजूरी देते हुए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। सबसे अधिक करीब 40 हजार टन कचरा फतेहाबाद शहर की डंपिंग साइट पर जमा है, जिसके निस्तारण पर 2 करोड़ रुपये खर्च होंगे। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित एजेंसी वैज्ञानिक पद्धति से पुराने कचरे का निस्तारण करेगी। विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जिले में फतेहाबाद, टोहाना, रतिया, भूना और जाखल की डंपिंग साइटों पर वर्षों से कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं। इससे आसपास के क्षेत्रों में दुर्गंध, प्रदूषण और पर्यावरण संबंधी समस्याएं लगातार बढ़ रही थीं। अब इन कूड़े के पहाड़ों को हटाने की प्रक्रिया शुरू होने से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।


फतेहाबाद। डंपिग यार्ड में जमा कचरा।

### शहरवार खर्च भी तय

कचरे के निस्तारण के लिए विभाग ने शहरवार बजट भी निर्धारित कर दिया है।

| | |
|---|---|
| फतेहाबाद | : 2 करोड़ रुपये |
| टोहाना | : 1.50 करोड़ रुपये |
| रतिया | : 1.30 करोड़ रुपये |
| भूना | : 30 लाख रुपये |
| जाखल | : 20 लाख रुपये |

### टेंडर प्रक्रिया शुरू जल्द होगा काम

स्थानीय निकाय विभाग ने कचरा निस्तारण के लिए टेंडर जारी कर दिए हैं। अधिकारियों का लक्ष्य है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही एजेंसी मौके पर काम शुरू कर दे, ताकि वर्षों से जमा कचरे के ढेर जल्द हटाए जा सकें। इससे शहरों में स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी और प्रदूषण व दुर्गंध की समस्या में भी कमी आएगी।

### फतेहाबाद में सबसे ज्यादा 40 हजार टन कचरा

शहरवार सर्वे में फतेहाबाद की डंपिंग साइट पर सबसे अधिक 40 हजार टन कचरा मिला है। इसके अलावा टोहाना में 26 हजार टन, रतिया में 23 हजार टन, भूना में करीब 5 हजार टन तथा जाखल में करीब 1 हजार टन कचरा जमा है। सभी डंपिंग साइटों का वैज्ञानिक तरीके से बायोमाइनिंग कर पुराने कचरे का निस्तारण किया जाएगा।

### बायोमाइनिंग से होगी जमीन खाली

निस्तारण के दौरान एजेंसी पुराने कचरे की वैज्ञानिक तरीके से छंटाई करेगी। इसमें मिट्टी, प्लास्टिक, धातु और अन्य उपयोगी सामग्री अलग की जाएगी। जैविक कचरे से खाद तैयार की जाएगी, जिसे किसान खरीद सकेंगे। प्रक्रिया पूरी होने के बाद डंपिंग साइट की जमीन दोबारा उपयोग के लिए उपलब्ध हो सकेगी और भविष्य में आधुनिक ठोस कचरा प्रबंधन प्रणाली विकसित करने का रास्ता भी खुलेगा।

## 21 जुलाई को पहली बारिश के बाद फिर मेहरबान हुआ मानसून

# रिमझिम बारिश से मौसम हुआ सुहाना, पारा पांच डिग्री लुढ़का

धान-नरमा-ग्वार की फसलों को मिला जीवनदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पिछले दिनों जिले में हुई पहली प्रभावी मानसूनी बारिश के बाद शुक्रवार को एक बार फिर मानसून सक्रिय नजर आया। सुबह से ही आसमान पर घने बादल छाए रहे और दिनभर रुक-रुककर बारिश होती रही। बादलों और बारिश के कारण मौसम पूरी तरह बदल गया तथा अधिकतम तापमान में करीब 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले कई दिनों से उमस और गर्मी से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली, वहीं किसानों के चेहरे भी खिल उठे।\बारिश के कारण दिनभर धूप नहीं निकली और ठंडी हवाएं चलती रहीं। बाजारों, कॉलोनियों और ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम खुशनुमा बना रहा। कई स्थानों पर हल्की तो कहीं मध्यम बारिश हुई, जिससे खेतों में पर्याप्त नमी पहुंची। मौसम में आए बदलाव से बिजली की मांग में भी कमी आने की उम्मीद है।


फतेहाबाद। शहर में बारिश के बाद कीचड़ से सनी सड़क। *फोटो : हरिभूमि*


भूना। बारिश के बाद जलभराव के बीच गुजरते वाहन चालक। *फोटो : हरिभूमि*

### धान, नरमा व ग्वार की फसलों के लिए संजीवनी बनी बारिश

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह बारिश खरीफ सीजन की प्रमुख फसलों धान, नरमा और ग्वार के लिए बेहद लाभकारी साबित होगी। पिछले दिनों बारिश नहीं होने के कारण किसान ट्यूबवेल और डीजल पंपों से सिंचाई कर रहे थे, जिससे खेती की लागत लगातार बढ़ रही थी। अब बारिश से खेतों में नमी बढने के कारण सिंचाई की जरूरत कम होगी और फसलों की बढ़वार बेहतर होने की उम्मीद है। विशेषकर धान की रोपाई वाले क्षेत्रों में यह बारिश काफी राहत लेकर आई है, जबकि नरमा और ग्वार की फसलों को भी नई बढ़वार मिलेगी।

### 21 जुलाई को हुई थी पहली प्रभावी मानसूनी बारिश

जिले में 21 जुलाई को इस सीजन की पहली प्रभावी मानसूनी बारिश हुई थी। उस दौरान सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की वर्षा रिपोर्ट के अनुसार भट्टूकलां में 27 मिमी, फतेहाबाद में 11 मिमी, रतिया में 10 मिमी, भूना में 4 मिमी तथा कुलां में 3 मिमी बारिश दर्ज की गई थी, जबकि टोहाना और जाखल में बारिश नहीं हुई थी। उस बारिश के बाद शुक्रवार को फिर मानसून की सक्रियता बढने से किसानों की उम्मीदें और मजबूत हुई हैं।

### 21 एमएम बारिश में डूबा भूना

**भूना।** शुक्रवार को हुई 21 एमएम बारिश ने भूना शहर की जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। महज कुछ देर की तेज बारिश में शहर की कई प्रमुख सड़कें और रिहायशी इलाके पानी से भर गए। शहीद भगत सिंह पार्क से शहीद उधम सिंह चौक तक मुख्य बाजार की सड़क पर लंबे समय तक पानी जमा रहा, जिससे दुकानदारों, राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। कई स्थानों पर लोगों को घुटनों तक पानी से होकर गुजरना पड़ा। मुख्य बाजार में सड़क किनारे जलभराव होने से दुकानों तक ग्राहकों की पहुंच प्रभावित रही। दोपहिया वाहन चालक पानी में फिसलने के डर से धीमी गति से निकलते रहे, जबकि पैदल चलने वालों को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बारिश में यही स्थिति बन जाती है, लेकिन स्थायी समाधान अब तक नहीं हो सका है। डॉ. दीपक कुमार बंसल ने बताया कि अनाज मंडी के साथ उकलाना रोड पर करीब दो माह पहले बनाई गई गली में भी बारिश का पानी जमा हो गया। उनका कहना है कि गली का लेवल सही नहीं होने से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है।

# कोल्ड स्टोरेज में आग, डेढ़ करोड़ रुपये का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

नाथूसरी चोपटा कस्बे में शुक्रवार को कोल्ड स्टोरेज में आग लगने से करीब डेढ़ करोड़ का सामान जलकर राख हो गया। दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गांव गुडियाखेड़ा में स्थित सिरसा जमींदारा एफपीसीएल कोल्ड स्टोरेज में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग में कोल्ड स्टोरेज का शेड, कैरेट, शीतकरण उपकरण और सौर ऊर्जा सिस्टम जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण अपने स्तर पर टैंकर और अन्य संसाधन लेकर मौके पर पहुंचे, लेकिन आग ने तेजी से जोर पकड़ लिया। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की गाडियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कोल्ड स्टोरेज के संचालक सतपाल खीचड़ ने बताया कि आग में करीब डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। आग में कोल्ड स्टोरेज की छत, उपकरण और मशीनरी जलकर राख हो गई। इसके अलावा 45 किलोवाट का सौर ऊर्जा सिस्टम भी पूरी तरह जल गया। स्टोरेज किया गया गेहूं और ग्वार जल गया है। सतपाल खीचड़ ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज में कई किसानों का सामान भी रखा था, जो पूरी तरह नष्ट हो गया है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। किसानों का कहना है कि कोल्ड स्टोरेज में रखा उनका सामान जल गया है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने जिला प्रशासन से मुआवजा देने की अपील की है।


चोपटा। कोल्ड स्टोरेज में आग बुझाती दमकल गाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

### कॉरपोरेट जगत मे बॉस स्कैम से रहें सावधान : एसपी

**सिरसा।** साइबर अपराधी अब ठगी के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। हाल के दिनों में कॉरपोरेट जगत मे बॉस स्कैम और एक्सप्रेस ऑनलाइन शॉपिंग जैसे साइबर फ्रॉड तेजी से सामने आ रहे हैं। एसपी दीपक सहारण ने एडवाजरी जारी कर लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा है कि थोड़ी सी लापरवाही से बैंक खाते की जमा पूंजी पल भर में साफ हो सकती है। बॉस स्कैम में साइबर ठग किसी कंपनी के मालिक, सीईओ या वरिष्ठ अधिकारी की प्रोफाइल फोटो और नाम का इस्तेमाल कर व्हाट्सएप पर कर्मचारियों को मैसेज भेजते हैं। मैसेज में किसी जरूरी भुगतान या तत्काल ट्रांसफर का दबाव बनाया जाता है। कई कर्मचारी बिना पुष्टि किए रकम भेज देते हैं और बाद में पता चलता है कि वे साइबर ठगी का शिकार हो चुके हैं।

*परिजनों की शिकायत पर हत्या का केस दर्ज*

# पांच वर्षीय बेटी की हत्या के आरोप में पिता गिरफ्तार

- स्कूल से साथ ले जाकर भाखड़ा नहर में धक्का देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

गांव खुनन की पांच वर्षीय मासूम गुरनिवाज कौर की मौत के मामले में पुलिस ने उसके पिता को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पिता पर स्कूल से बच्ची को अपने साथ ले जाकर रतिया-बुढ़लाडा रोड स्थित भाखड़ा नहर में धक्का देने का आरोप है। परिजनों की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच जारी है और आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा। थाना सदर रतिया प्रभारी उप निरीक्षक शीशपाल ने बताया कि 22 जुलाई को सूचना मिली थी कि गांव खुनन निवासी पांच वर्षीय गुरनिवाज कौर का शव पंजाब के फतेहपुर हेड के समीप भाखड़ा नहर से बरामद हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस ने नागरिक अस्पताल पहुंचकर प्रारंभिक कानूनी कार्रवाई पूरी की। 23 जुलाई को बच्ची के मामा जगबीर सिंह निवासी गांव अहरवां ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया कि उसकी बहन की शादी गुरप्रीत सिंह से हुई थी।


रतिया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया आरोपी पिता।

### पुलिस ने 6 महीने में नशा तस्करी में 45 महिलाएं की गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने कहा कि जिला पुलिस ने पिछले 6 महीने में फतेहाबाद में नशा तस्करी करते हुए 45 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का नशा तस्करी में उतरना समाज व पुलिस के लिए चिंता का विषय है। एसपी शुक्रवार को अपने जन्मदिवस पर पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। एसपी निकिता खट्टर ने बताया कि पुलिस अब ड्रग्स विभाग के साथ मिलकर गांवों में बने मेडिकल स्टोर के लाइसेंस जांच करेगी ताकि पता चल सके कि कोई केमिस्ट बिना लाईसेंस के तो दवाई नहीं बेच रहा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि केमिकल नशा दिल्ली और पंजाब से हरियाणा में आ रहा है। पुलिस लगातार इन तस्करों पर नजर गड़ाए हुए है।

# आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज के विरोध में इनेलो का प्रदर्शन, पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

इनेलो ने दिल्ली के जंतर मंतर पर आंदोलन के दौरान हुए लाठीचार्ज व नीट पेपर लीक मामले को लेकर शुक्रवार को सिरसा में रोष प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर उपायुक्त को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इनेलो जिलाध्यक्ष जसबीर सिंह जस्सा ने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट परीक्षा लीक को लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठी चार्ज हुआ, गैस के गोले छोड़े गए, महिलाओं व छात्रों के कपड़े फाड़े गए, उन्हें पीटा तक गया, यह घटना रूह कंपा देने वाली है। उन्होंने कहा कि इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। जस्सा कहा कि इनेलो ने हमेशा ही किसानों, छात्रों और आम आदमी के हित की बात की है। उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर पर लोकतंत्र का गला घोटने का जो कारनामा किया गया उसे देश और दुनिया में ने देखा। इस मौके पर इनेलो की छात्र विंग आईएसओ जिलाध्यक्ष अजय चौधरी, मंदर सरां, कुलदीप गोदारा, हरमीत पंडोरीवाल, जसविंद बिंदु, गुरविंद्र सिंह, गुरतेज सिंह, धर्मवीर नैन, महावीर शर्मा, विशाल भाट आदि मौजूद रहे।


सिरसा। उपायुक्त को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते इनेलो कार्यकर्ता।

## जिला अस्पताल में दो दिन एलटी पैनल का कार्य सुबह 8 से शाम 5 बजे तक, बिजली रहेगी प्रभावित

- 25-26 जुलाई को तकनीकी कार्य करेगा लोक निर्माण विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला नागरिक अस्पताल में 25 और 26 जुलाई को एलटी (लो टेंशन) पैनल के आवश्यक तकनीकी कार्य के चलते सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक अस्पताल के कुछ विभागों की सामान्य बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। यह कार्य लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) के विद्युत उपमंडल द्वारा किया जाएगा।

सीएमओ कार्यालय के अनुसार, बिजली बाधित रहने के बावजूद मरीजों की आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी। इमरजेंसी, स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू), लेबर रूम (एलआर) और ऑपरेशन थिएटर (ओटी) की बिजली आपूर्ति वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से निर्बाध जारी रहेगी। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि विद्युत व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और सुचारु बनाने के उद्देश्य से यह कार्य कराया जा रहा है। मरीजों और उनके परिजनों से सहयोग की अपील करते हुए कहा गया है कि अस्थायी असुविधा के बावजूद सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं नियमित रूप से संचालित होती रहेंगी।

## जल निकासी के लिए जरूरी बता रहे स्थानीय लोग, नप की मंजूरी के बाद शुरू हुआ निर्माण

# स्वामी नगर में डिस्पोजल टैंक निर्माण पर कब्रों के हवाले से ईसाई समाज विरोधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहर के स्वामी नगर में डिस्पोजल टैंक के निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। वीरवार से शुरू हुए निर्माण कार्य का शुक्रवार को ईसाई समाज के लोगों ने विरोध किया। उनका आरोप है कि जिस स्थान पर डिस्पोजल टैंक बनाया जा रहा है, वहां उनके समाज के बुजुर्गों की वर्षों पुरानी कब्रें मौजूद हैं। ऐसे में धार्मिक आस्था से जुड़े स्थल पर निर्माण कार्य कराना उचित नहीं है। दूसरी ओर, स्वामी नगर और हरनाम सिंह कॉलोनी के लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। बरसात के दिनों में जलभराव से हजारों लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। नगर परिषद से मंजूरी मिलने के बाद ही डिस्पोजल टैंक का निर्माण शुरू कराया गया है। शुक्रवार को बुलडोजर से खुदाई के दौरान मौके पर दोनों पक्षों के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। स्थानीय लोगों के अनुसार स्वामी नगर पहले ग्राम पंचायत के अधीन था, जिसे बाद में नगर परिषद में शामिल कर लिया गया। पूर्व सरपंच मनोहर लाल ने बताया कि वर्ष 2007 में उनके कार्यकाल के दौरान ईसाई समाज के प्रतिनिधियों ने अंतिम संस्कार और दफनाने के लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग की थी। पंचायत ने प्रस्ताव पारित कर करीब छह कनाल भूमि ईसाई समाज को उपलब्ध कराई थी। समय के साथ क्षेत्र की आबादी बढक़र करीब 10 हजार तक पहुंच गई है, लेकिन हरनाम सिंह कॉलोनी और स्वामी नगर में आज तक स्थायी जल निकासी व्यवस्था विकसित नहीं हो सकी।


फतेहाबाद। स्वामी नगर में रोष प्रदर्शन करते लोग। *फोटो : हरिभूमि*

### दफन स्थल के लिए अभी भी पर्याप्त जमीन उपलब्ध

पूर्व सरपंच मनोहर लाल का कहना है कि ईसाई समाज को पहले से आवंटित दफन स्थल के लिए पर्याप्त भूमि आज भी उपलब्ध है। उनके अनुसार जिस स्थान पर डिस्पोजल टैंक बनाया जा रहा है, वह दफन स्थल से सटा हुआ क्षेत्र है। इसके बावजूद निर्माण कार्य का विरोध किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूरे मामले से प्रशासन को भी अवगत करा दिया गया है।

### नगर परिषद से प्रस्ताव पहले ही हो चुका है मंजूर

वार्ड पार्षद ज्ञान सिंह ने बताया कि डिस्पोजल टैंक निर्माण का प्रस्ताव करीब 15 दिन पहले नगर परिषद की हाउस बैठक में विधिवत पारित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही जल निकासी समस्या के समाधान के लिए जरूरी है। उनके अनुसार निर्माण कार्य का विरोध उचित नहीं है।

### प्रशासन पर टिकी निगाहें

एक ओर ईसाई समाज धार्मिक आस्था का हवाला देकर निर्माण रोकने की मांग कर रहा है, जबकि दूसरी ओर स्थानीय निवासी इसे जनहित की आवश्यक परियोजना बता रहे हैं। ऐसे में दोनों पक्षों के बीच बढ़ते विवाद को देखते हुए अब सभी की निगाहें प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं।



## किंग की रिलीज अफवाहों पर विराम 24 दिसंबर को होगा बड़ा धमाका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की मच अवेटेड फिल्म 'किंग' को लेकर चल रही रिलीज टलने की खबरों पर अब पूरी तरह विराम लगता नजर आ रहा है। कुछ समय पहले रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि शाहरुख खान की चोट और दीपिका पादुकोण की प्रेग्नेंसी के चलते फिल्म की शूटिंग प्रभावित हो सकती है और यह क्रिसमस 2026 रिलीज के लिए समय पर तैयार नहीं हो पाएगी। मेकर्स फिल्म को तय समय पर रिलीज करने की तैयारी में जुटे हुए हैं और खबर है कि यह फिल्म 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार रहेगी। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म का ज्यादातर काम पूरा हो चुका है और अब सिर्फ एक आखिरी इंटरनेशनल शेड्यूल बाकी बताया जा रहा है। मेकर्स फिलहाल इस अंतिम शूटिंग शेड्यूल के लिए लोकेशन को फाइनल करने में लगे हुए हैं।

लाइफ Style

# राखी
## स्वीटी के बाद अब बनीं चुड़ैल

एजेंसी ⏭ मुंबई

कई कलाकारों का कहना है कि कॉमेडी करना काफी मुश्किल काम है। हालांकि, हम पांच और देख भाई देख धारावाहिकों की अभिनेत्री राखी विजन अपने लिए कॉमेडी ही सबसे सहज मानती हैं। राखी इन दिनों सोनी सब पर प्रसारित होने वाले धारावाहिक 'चुड़ैल चली ससुराल' में कामिनी की भूमिका निभा रही हैं। अपने धारावाहिक और पात्र के बारे में राखी कहती हैं, इसमें मैं सीबीआई यानी कि चुड़ैल ब्लड ऑफ इंडिया की अध्यक्ष हूं।

मैंने बचपन में एक भोली भाली, मासूम लड़की स्वीटी की भूमिका निभाई थी। तब लोगों ने कहा था कि वाह क्या कमाल का काम किया है, तुम्हारे लिए तो यह एकदम परफेक्ट रोल है। अब उम्र के आधे पड़ाव पर चुड़ैल की भूमिका निभा रही हूं तो अब भी लोग कह रहे हैं कि कमाल का काम है, यह रोल तुम्हारे लिए परफेक्ट है। हमारा शो पूरी तरह हॉरर नहीं है, बल्कि इसमें कॉमेडी के साथ थोड़ा हॉरर है। अब अदृश्य शक्तियों में पूरी दुनिया विश्वास कर रही है तो मैं क्यों न रखूं। मेरा मानना है कि यह सब चीजें कहीं न कहीं होती हैं, तभी तो लोग ऐसी कहानियां बनाते हैं और दर्शक इन पर विश्वास भी करते हैं। व्यावहारिक तौर पर तो मैं स्वयं इन चीजों पर विश्वास नहीं करना चाहती हूं, लेकिन फिर वक्त आने पर इन पर भरोसा भी करने लगती हूं। टीवी हो या फिल्में लगातार कॉमेडी भूमिकाएं कर रहीं राखी का कहना है, 'मैं तो बचपन से कॉमेडी ही करती आ रही हूं। मेरे लिए रोना बहुत मुश्किल है। जब मैं रोती हूं तो मुझे देखकर निर्देशक बोलते हैं, चल झूठी। कितना बकवास कर रही है, तुम्हारी एक्टिंग दिख रही है, जबकि मेरे लिए कॉमेडी बहुत आसान है। मुझसे आसानी से रोया नहीं जाता है। इसके साथ ही मुझसे गरीब अबला नारी वाले रोल भी नहीं हो पाते हैं। मेरे पास ऐसे ऑफर ज्यादा आते भी नहीं हैं।'



हॉलीवुड मसाला



## कॉमिक कॉन में एबेनेजर का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर जॉनी डेप सिनेमा हॉल में अपनी धमाकेदार एंट्री के लिए तैयार हैं। उनकी आगामी फिल्म एबेनेजर का ट्रेलर मेकर्स द्वारा जारी कर दिया गया है। हाल ही में सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में यह खबर जॉनी ने खुद अपने फैंस के साथ शेयर की। एक्टर जॉनी डेप एक लंबे ब्रेक के बाद फिर पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। फिल्म एबेनेजर में वह एबेनेजर स्क्रूज नाम के मुख्य किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में उनका किरदार काफी डार्क और अकेला रहेगा। फिल्म चार्ल्स डिकेंस की क्लासिक बुक 'अ क्रिसमस कैरल' पर आधारित है। मगर फिल्म में इसका ज्यादा डार्क वर्जन प्रस्तुत किया जाएगा। फिल्म एबेनेजर के ट्रेलर के अनुसार डेप के किरदार एबेनेजर स्क्रूज का सामना भूतों से होता है।



## सिनेमाघरों में री-रिलीज होंगी हैरी पॉटर की सभी फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** लोकप्रिय सीरीज 'हैरी पॉटर' की फिल्मों को देखते हुए एक पूरी पीढ़ी बड़ी हुई है। इससे दर्शकों का अलग जुड़ाव है। पहली फिल्म 2001 में आई थी और इस बात को इस साल 25 वर्ष हो रहे हैं। फिल्म के सिल्वर जुबली वर्ष को खास बनाने के लिए 'हैरी पॉटर' की आठों फिल्मों को फिर से रिलीज किया जा रहा है। 'हैरी पॉटर' का जादू सिनेमाघरों में फिर लौटने वाला है। दर्शक एक बार फिर बड़े पर्दे पर इन फिल्मों का लुत्फ उठा सकेंगे। हैरी पॉटर की सभी आठ फिल्में फिर से रिलीज जो हो रही हैं। इस साल 27 अगस्त से 3 सितंबर तक ये फिल्में बड़े परदे पर आ रही हैं। 'हैरी पॉटर' के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया गया है। इसके मुताबिक फिल्मों को वर्ल्डवाइड री-रिलीज किया जा रहा है। इसके लिए टिकट 31 जुलाई से मिलने लगेंगे। इन फिल्मों का फिर से रिलीज किया जाना दर्शकों के लिए एक खास पल होगा और वे फिर से पुरानी यादों में लौट सकेंगे। यह फिल्म कनाडा, अमेरिका व अन्य देशों के अलावा भारत में भी रिलीज होने जा रही हैं।



## मुझे भी दो बार देनी पड़ी थी नीट परीक्षा

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले के खिलाफ जारी स्टूडेंट्स के विरोध प्रदर्शन को अब एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर का भी सपोर्ट मिला है। उन्होंने इसे लेकर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। इस दौरान उन्होंने ये खुलासा भी किया कि वो खुद भी नीट पेपर लीक का दर्द झेल चुकी है और इसके चलते उन्हें दो बार परीक्षा देनी पड़ी थी। बता दें कि साल 2015 में भी नीट एग्जाम का पेपर लीक हो गया था। उस वक्त एक्ट्रेस ने इस मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम में दो बार हिस्सा लिया था। उन्होंने साफ़-साफ ये बात कही है कि इस अन्यायपूर्ण दुनिया में बराबरी लाने का एक मात्र जरिया एजुकेशन ही है। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'एजुकेशन इस अन्यायपूर्ण दुनिया में बराबरी लाने वाला सबसे बड़ा जरिया है। कभी भी हमारे संस्थानों को सुधार की मांग को नकारना नहीं चाहिए. संस्थानों के सुनने, सीखने और सुधार करने से लोकतंत्र मजबूत होता है।



## बेटी राहा को रामायण दिखाने के लिए एक्साइटेड

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। इस फिल्म में रणबीर ने राम का किरदार निभाया है। रणबीर इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हैं ,क्योंकि इसमें ना तो वह सिर्फ राम और पुरुषोत्तम राम का किरदार निभा रहे हैं, बल्कि एक और वजह भी है। दरअसल, यह पहली फिल्म होगी जिसे उनकी बेटी राहा कपूर देखने वाली हैं। दरअसल, एक फैन ने रणबीर से बात करते हुए कहा कि वह इस फिल्म को बच्चे को दिखाएंगे क्योंकि इसमें भारतीय कल्चर को दिखाया जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक्टर फिर बोलते हैं, मैं भी काफी एक्साइटेड हूं अपनी बेटी को फिल्म दिखाने के लिए। यह उनकी पहली फिल्म होगी बड़े पर्दे पर। वहीं, हाल ही में खबर आई है कि रामायण का ट्रेलर लॉन्च पोस्टपोन हो गया है।

टीवी मसाला



## यादों की प्लेलिस्ट की थीम पर इंडियन आइडल 16 का ग्रैंड फिनाले कल

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे पॉपुलर और पसंदीदा रियलिटी शो 'इंडियन आइडल सीजन 16' अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच गया है। 26 जुलाई को शो का ग्रैंड फिनाले होगा, जिसका थीम 'यादों की प्लेलिस्ट' रखा गया है। आखिरी दिन शो के 6 फाइनलिस्ट अपने परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीतेंगे और उस दिन पता चलेगा कि कौन इस सीजन का ट्रॉफी अपने नाम करेगा। कई लोग अपने फेवरेट कंटेस्टेंट के लिए वोट कर रहे है और उनके जीत की कामना कर रहे हैं। शो में विशाल ददलानी, श्रेया घोषाल और बादशाह जज के रूप में नजर आए और आदित्य नारायण ने हमेशा की तरह होस्टिंग की जिम्मेदारी संभाली। वहीं, इस सीजन के 6 फाइनलिस्ट में अंशिका चोंकर, ज्योतिर्मयी नायक, मनराज वीर सिंह, माइसम्मे बोसु, सुहैल सूफी और तनिष्क शुक्ला हैं। पूरे सीजन में उन्होंने अपने गानों से हर श्रोताओं को दीवाना बनाया और यहां तक अपना सफर तय किया। बता दें कि इस बार ग्रैंड फिनाले में श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ उषा उत्थुप, उदित नारायण, पापोन, कुमार सानू, शहनाज गिल और उर्मिला मातोंडकर भी खास मेहमान बनकर इस शाम को यादगार बनायेंगे और कई किस्से कहानियों से इसमें रंग भरेंगे। हालांकि विशाल ददलानी इसका इसका हिस्सा नहीं बनेंगे। फिर भी उन्होंने कंटेस्टेंट्स का हौसला बढ़ाया और कहा, 'इस सीजन को शानदार टैलेंट मिला है और मुझे खुशी है कि हमारे टॉप 6 फाइनलिस्ट अपनी मेहनत से यहां पहुंचे हैं।

### करण- तेजस्वी का अंडरवॉटर रोमांस

**नई दिल्ली।** करण कुंद्रा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक नया व्लॉग पोस्ट किया है। इस व्लॉग में करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को पानी के नीचे प्रपोज करते नजर आए। फैंस इस प्रपोजल को देख बोले कि ये दोनों एक दूसरे के लिए ही बने हैं।



करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश टीवी के सबसे क्यूट कपल माने जाते हैं। फैंस बेसब्री से इस कपल की शादी का इंतजार कर रहे हैं। अब करण कुंद्रा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक व्लॉग पोस्ट किया है। इस व्लॉग में करण कुंद्रा अपनी गर्लफ्रेंड तेजस्वी प्रकाश को पानी के नीचे प्रपोज करते नजर आ रहे हैं। फैंस ने दोनों के इस प्रपोजल पर खूब प्यार लुटाया है। करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश छुट्टियां मनाने मॉरिशस गए थे। इसका ट्रेवल ब्लॉग करण कुंद्रा ने अपने यूट्यूब पर शेयर किया है। मॉरिशस में करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश ने स्कूबा डाइविंग की। करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश ने स्कूबा डाइविंग के दौरान पानी के नीचे की दुनिया का वीडियो अपने व्लॉग में शेयर किया। वीडियो में दिखाई पड़ता है कि तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा पहले तो हाथों से दिल बनाते हैं।

## सैयारा के बाद अहान की नई उड़ान, शारवरी भी आएंगी नजर

**नई दिल्ली।** ब्लॉकबस्टर फिल्म सैयारा की ऐतिहासिक सफलता के बाद बॉलीवुड के नए ओवरनाइट सेंसेशन अहान पांडे एक बार फिर पर्दे पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। सैयारा के बाद वह अगली बड़ी फिल्म यशराज फिल्म्स के बैनर तले कर रहे हैं। अनटाइटल्ड फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं। फिल्म रोमांटिक-एक्शन ड्रामा की जिसकी रिलीज डेट लॉक कर दी गई है। फिल्ममेकर आदित्य चोपड़ा और निर्देशक अली अब्बास जफर ने इस अनटाइटल्ड फिल्म की थिएट्रीकल रिलीज डेट अगले साल के लिए लॉक की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की रिलीज डेट 26 मार्च 2027 को तय की है। 26 मार्च को गुड फ्राइडे है। फिल्म में अहान पांडे के साथ शारवरी वाघ के रूप में नजर आएंगी। वहीं, दिग्गज एक्टर बॉबी देओल और अनुराग कश्यप की फिल्म निशांची से तारीफें बटोरने वाले ऐश्वर्य ठाकरे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म में ऐश्वर्य ठाकरे विलेन का किरदार निभा रहे हैं, जहां अहान और उनके बीच एक जबरदस्त एक्शन फाइट सीक्वेंस देखने को मिलेगा। आपको बता दें कि यह फिल्म अहान पांडे और ऐश्वर्य ठाकरे , दोनों के कॅरियर की दूसरी फिल्म होगी। अहान ने सैयारा से जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की थी, जबकि शरवरी ने बंटी और बबली 2 से डेब्यू करने के बाद मुंज्या, महाराज, वेदा और अल्फा जैसी फिल्मों में अपनी पहचान बनाई।



गीता दत्त की नशीली आवाज में हुआ हमेशा - हमेशा के लिए अमर

## 72 साल पहले विदेश से चुराया गया था ये कल्ट गाना



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड पर अक्सर गाने या उनकी धुनों को कॉपी करने का आरोप लगता रहा है। आर.डी. बर्मन से लेकर अनु मलिक तक कई बड़े संगीतकारों पर विदेशी धुनों को बिना क्रेडिट दिए कॉपी करने के आरोप लगे। इसके बाद पुराने गानों के रीमेक बनाने का ट्रेंड चला। कई बार ये नए ट्रेक्स पसंद भी किए गए, हालांकि कुछ लोगों को शिकायत रही कि इससे ओरिजिनलिटी खत्म हो रही है। आज आपको 1954 के एक ऐसे ही कल्ट गाने के बारे में बताएंगे जिसे क्यूबा के एक गाने से कॉपी किया गया था। हम बात कर रहे हैं फिल्म आर पार के गाने बाबूजी धीरे चलना की। इस गाने को गीता दत्त ने अपनी आवाज से सजाया था और मजरूह सुल्तानपुरी ने इसके बोल लिखे थे। इस गाने को क्यूबा के प्रसिद्ध गाने क्यूजस, क्यूजस, क्यूजस से कॉपी किया गया था। ओ पी नैय्यर ने इसे भारतीय संगीत में ढाला था। क्यूजस, क्यूजस, क्यू को 1947 में ओस्वाल्डो फैरेस ने कंपोज किया था। इस गाने को अभिनेत्री शकीला पर फिल्माया गया है। 'आर-पार'को गुरु दत्त ने डायरेक्ट किया था। ये एक क्लासिक रोमांटिक-कॉमेडी और क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसकी कहानी एक टैक्सी ड्राइवर कालू और उसकी प्रेमिका निक्की के इर्द-गिर्द घूमती है। जब ये गाना रिलीज हुआ तो इसकी लोकप्रियता इतनी थी कि हर गली-मोहल्ले में उस दौरान बस यही धुन सुनने को मिलती थी। शायद यही वजह रही कि रिलीज के बाद ये जबरदस्त हिट साबित हुआ। गीता दत्त ने अपनी नशीली आवाज में इसे हमेशा-हमेशा के लिए हिट बना दिया।

## वर्ल्ड लेवल खजाने की मालिक बनी धमाल 4 की मंडली



**नई दिल्ली।** अभिनेता अजय देवगन की लेटेस्ट फिल्म धमाल 4 की रिलीज को जल्द ही दूसरा सप्ताह पूरा हो जाएगा। इतना समय बीतने का बाद भी धमाल 4 कमाई के मामले में ना तो भारतीय बॉक्स ऑफिस पर हार मान रही है और ना ही वर्ल्ड लेवल पर इसका ग्राफ नीचे आ रहा है। जिस तरह से फिल्म धमाल 4 में दिखाया गया है कि कलाकारों की पूरी मंडली एक पुराने खजाने की तलाश में लगी हुई है, ठीक उसी तरह से दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धमाल 4 पर जो नोटों की बारिश हो रही है, उससे कहीं न कहीं मेकर्स के हाथ खजाना लगा और वे मालामाल हो रहे हैं। अजय देवगन की इस कॉमेडी मूवी ने दूसरे बुधवार को पूरी दुनिया में करीब 4 करोड़ का कारोबार किया है। इसके साथ ही अब धमाल 4 का टोटल ग्लोबली कलेक्शन 183 करोड़ हो गया है। जबकि ओवरसीज के मामले में ये हिंदी फिल्म अब तक 23 करोड़ से अधिक का बिजनेस कर चुकी है। जिस तरह से फिलहाल धमाल 4 की कमाई वर्ल्ड लेवल पर चल रही है, उससे ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि जल्द ही ये मूवी ग्लोबली 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो धमाल 4 इस साल की एक और ऐसी बॉलीवुड फिल्म बन सकती है, जो वर्ल्डवाइड 200 करोड़ के कलेक्शन के कल्ब में एंट्री लेगी। इससे पहले बॉर्डर 2, धुरंधर 2 और भूत बंगला ये कारनामा कर चुकी हैं।

### शोले से पहले मचाया था बवाल, 1974 में हुई थी रिलीज

# 65 हफ्तों तक थिएटर से नहीं उतरी थी मनोज कुमार की ये फिल्म

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर्स में शुमार मनोज कुमार ने अपने कॅरियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दी थीं। एक एक्टर के अलावा उन्होंने फैंस का दिल बतौर डायरेक्टर भी जीता था। 'भारत कुमार' के नाम से भी मशहूर हुए मनोज कुमार ने अपने कॅरियर में कई फिल्में बनाई थीं। उनकी एक फिल्म तो ऐसी भी रही है जो सिनेमाघरों से 65 हफ्तों तक नहीं उतरी थी।




### पाकिस्तान में हुआ था जन्म

मनोज कुमार जीवित का जन्म पाकिस्तान के एबटाबाद में 24 जुलाई 1937 को हुआ था। मनोज कुमार का असली नाम हरिकृष्ण गोस्वामी था। हालांकि, फिल्मी दुनिया में आने के बाद उन्होंने अपना नाम बदल लिया था। यहां मनोज कुमार की जिस फिल्म की बात की जा रही है वो जीवन की तीन सबसे अहम और मूलभूत चीजों पर बेस्ड है। इस फिल्म का नाम है 'रोटी, कपड़ा और मकान'। ये फिल्म 'शोले' जैसी आइकॉनिक फिल्म से एक साल पहले यानी साल 1974 में रिलीज हुई थी और दर्शकों के दिलों में हमेशा-हमेशा के लिए समा गई थी।

### निभाई थीं कई जिम्मेदारियां

रोटी कपड़ा और मकान में मनोज कुमार के साथ अमिताभ बच्चन, शशि कपूर, मौसमी चटर्जी और जीनत अमान जैसे दिग्गज कलाकार भी नजर आए थे। गौरतलब है कि मनोज ने ना सिर्फ इसमें अहम किरदार निभाया था, बल्कि इसके डायरेक्शन की कमान भी संभाली थी, जबकि इसके प्रोड्यूसर भी वो ही थे और कहानी भी उन्होंने ही लिखी थी।

### थिएटर्स में चला जलवा

अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में इस 52 साल पुरानी फिल्म को लेकर दावा किया जाता रहा है कि ये फिल्म 65 हफ्तों तक थिएटर्स में अपना जादू बिखेरनेमे कामयाब रही थी और बहुत बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक़ 1.3 से 2 करोड़ रुपए के बीच के बजट में बनी 'रोटी कपड़ा और मकान' ने दुनियाभर में 10.4 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। ये साल 1974 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म भी बनी थी।

## खबर संक्षेप

### 10.36 ग्राम हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने सिरसा रोड स्थित मदान ढाबा के पास एक युवक को 10.36 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी नशीला पदार्थ लेकर शहर में बिक्री के लिए आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस अब नशा तस्करी नेटवर्क की अन्य कड़ियों की भी जांच में जुट गई है।

### हेरोइन तस्करी मामले में महिला आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** शहर थाना पुलिस ने हेरोइन तस्करी के मामले में एक और महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान गुरु नानकपुरा निवासी राजो बाई पत्नी गुरविंद्र सिंह के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में उसकी बेटी पूजा रानी को 30.64 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल ने गुप्त सूचना के आधार पर गुरु नानकपुरा क्षेत्र में कार्रवाई कर पूजा रानी को हेरोइन सहित पकड़ा था। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि वह अपनी मां राजो बाई के साथ मिलकर हेरोइन की तस्करी करती थी।

## खंड स्तरीय खेलों में विश्वास नव शारदा स्कूल का दबदबा

# वॉलीबॉल, बास्केटबॉल व कबड्डी में कई खिताब जीते

### अंडर-19 आयु वर्ग की लड़कों और लड़कियों की वॉलीबॉल टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर खिताब अपने नाम किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

खंड स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में विश्वास नव शारदा पब्लिक स्कूल, भूना के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर शुक्रवार को स्कूल परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। स्कूल प्रबंधन समिति की चेयरपर्सन स्वर्णिका खुराना, प्रिंसिपल मुकेश मोंगिया तथा वाइस प्रिंसिपल डॉ. सौरभ खुराना ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रतियोगिता में अंडर-19 आयु वर्ग की लड़कों और लड़कियों की वॉलीबॉल टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर खिताब अपने नाम किया। वहीं लड़कों की अंडर-17 वॉलीबॉल टीम ने भी पहला स्थान हासिल किया। बास्केटबॉल में लड़कों की अंडर-19 और अंडर-17 टीम ने प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया, जबकि लड़कियों की अंडर-19 टीम तथा लड़कों की अंडर-14 टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कबड्डी में लड़कों की अंडर-14 टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

व्यक्तिगत स्पर्धाओं में अंकुश ने लंबी कूद, ट्रिपल जंप, 200 मीटर दौड़ और शॉटपुट में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। डिस्कस थ्रो में नवीन ने पहला स्थान प्राप्त किया। यमन ने 1500 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान हासिल किया। शिवेश ने 400 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के साथ रिले रेस में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सचिन ने ट्रिपल जंप में द्वितीय स्थान हासिल किया। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि खिलाड़ियों की यह उपलब्धि अनुशासन, नियमित अभ्यास और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी आगामी जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।



**भूना।** विश्वास नवशारदा पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल मुकेश मोंगिया और गोल्ड मेडलिस्ट टीम। फोटो : हरिभूमि

### विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**चोपटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दड़बा कलां में आयोजित नाथूसरी चौपटा खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता के चौथे दिन विभिन्न खेल स्पर्धाओं के फाइनल मुकाबले सफलतापूर्वक संपन्न हुए। प्रतियोगिता में खंड के लगभग 70 टीमों ने भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबलों के उपरांत ग्राम पंचायत दड़बा कलां की सरपंच संतोष बेनीवाल ने विजेता खिलाडियों को पदक एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी उमेद ढाका, जोनल सचिव शिशपाल ढाका तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बिंटू भी मौजूद थे। अतिथियों ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में बैडमिंटन, शतरंज, योग, खो-खो, कबड्डी तथा एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाओं के फाइनल आयोजित किए गए। एथलेटिक्स में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, रिले दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक एवं चक्का फेंक प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहीं। बैडमिंटन अंडर-19 बालक वर्ग में मेजबान विद्यालय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, दड़बा कलां के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सरपंच संतोष बैनीवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।


**चोपटा।** विजेता खिलाडियों को सम्मानित करते हुए मुख्यअतिथि। फोटो : हरिभूमि

## बच्चों को समय दें, सिर्फ सुविधाएं नहीं, तभी बनेगा नशामुक्त फतेहाबाद : निकिता खट्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद


पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर

जिला पुलिस ने नशे और साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बीच अभिभावकों से बच्चों के भविष्य को लेकर गंभीर और संवेदनशील अपील की है। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने कहा कि केवल अच्छी शिक्षा और आधुनिक सुविधाएं देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चों के संस्कार, संगत, व्यवहार और उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखना भी माता-पिता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि हर परिवार जागरूक रहेगा तो नशामुक्त और सुरक्षित समाज का लक्ष्य आसानी से हासिल किया जा सकता है।

एसपी ने कहा कि फतेहाबाद पुलिस नशा तस्करों, साइबर अपराधियों और समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। साथ ही स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को नशे और साइबर अपराध से बचने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस के प्रयास तभी पूरी तरह सफल होंगे, जब प्रत्येक परिवार भी इस अभियान में भागीदार बनेगा। उन्होंने कहा कि आज के दौर में नशा, मोबाइल फोन की लत, सोशल मीडिया का दुरुपयोग, ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी जैसी चुनौतियां युवाओं को तेजी से प्रभावित कर रही हैं। कई बार बच्चे जिज्ञासा, साथियों के दबाव या दिखावे के कारण गलत संगत में पड़ जाते हैं।

### पुलिस समाज व परिवारों की सुरक्षा की साझेदार

उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को महंगे मोबाइल और वाहन देने से पहले उनमें नैतिक मूल्य, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का आग्रह किया। साथ ही बच्चों को खेल, शिक्षा, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों से जोडने पर भी जोर दिया। एसपी ने कहा कि फतेहाबाद पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और परिवारों की सुरक्षा की साझेदार भी है। यदि किसी भी व्यक्ति को नशा तस्करी, नशे के सेवन, साइबर अपराध या युवाओं को बहकाने वाले असामाजिक तत्वों की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। अंत में उन्होंने जिलेवासियों से आह्वान करते हुए कहा कि बच्चों को सबसे अधिक जरूरत माता-पिता के समय, विश्वास और संस्कारों की है। परिवार और पुलिस के संयुक्त प्रयासों से ही ऐसा फतेहाबाद बनाया जा सकता है, जहां हर युवा सुरक्षित, हर परिवार खुशहाल और हर घर नशामुक्त हो।

## भामस ने मनाया 72वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में भारतीय मजदूर संघ का 72वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि एचकेआरएनएल के निदेशक देव कुमार शर्मा शामिल हुए। इस दौरान विश्वविद्यालय में आ रही कर्मचारियों को समस्या बाबत एक ज्ञापन एचकेआरएनएल डायरेक्टर को सौंपा गया। सुनील गोदारा व जगदीश लूना ने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा एक्ट के दायरे में लाकर सुरक्षा प्रदान करने बारे, अनुभव के तहत वेतन, महिलाओं की छुट्टियों सहित अन्य छोटी-बड़ी मांगों को जल्द पूरा करवाने का आग्रह किया। एचकेआरएनएल डायरेक्टर देव कुमार शर्मा ने सभी मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आगामी 28 तारीख को सरकार की बैठक में कर्मचारियों की मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। डॉ. सुरेंद्र मल्होत्रा ने कहा कि कर्मचारी किसी भी शिक्षण संस्थान की रीढ़ होती है, उनके द्वारा किए हुए प्रशिक्षण से ही विश्वविद्यालय की उन्नति और तरक्की होती है। डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि कर्मचारियों का मान और सम्मान को रखा जाएगा उनकी जो भी विश्वविद्यालय लेवल की समस्याएं हैं उनका निदान करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।


**सिरसा।** कर्मचारियों को संबाधित करते हुए मुख्य वक्ता।

### श्री सनातन धर्म संस्कृत कॉलेज में हुआ हवन



**सिरसा।** श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण में नए सत्र 2026-27 के प्रारंभ होने पर हवन यज्ञ किया गया। हवन यज्ञ में मुख्य रूप से श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने शिरकत की। श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय के अध्यक्ष सुरेंद्र बंसल एडवोकेट ने बताया कि इस महाविद्यालय में पढने वाला हर विद्यार्थी सरकारी सेवा में कार्यरत है। उन्होंने यह भी बताया कि परिश्रम के बल पर हर कार्य संभव है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को जिन्होंने हाल ही के परीक्षा परिणाम में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, उन सभी विद्यार्थियों को 500 रुपए प्रति छात्र प्रोत्साहन राशि अपने निजी कोष से देने की घोषणा की। प्राचार्य गणेश शंकर ने भी नूतन विद्यार्थियों को नव सत्र की शुभकामनाएं दी तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। आचार्या पुष्पा द्वारा नूतन विद्यार्थियों को पुष्प भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर सोम सेतिया ने अपने पुत्र की याद में शुरू किए गए पुस्तकालय कोष से बच्चों को पुस्तकें वितरित की। इस अवसर पर सुरेश वत्स, उप प्रधान केके शर्मा, अशोक बंसल, बजरंग पारीक, आरडी बिशनोई एडवोकेट, विक्रम पारीक, सिमरन, नीरज व शिल्पा मौजूद थे।

## तीन स्वर्ण व एक कांस्य पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शिक्षा के साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए डिवाइन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने हाल ही में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में शानदार सफलता हासिल की। 10वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न स्पर्धाओं में हिस्सा लेकर तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर स्कूल परिसर में खुशी का माहौल रहा। प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुश्ती प्रतियोगिता में छात्र अर्नव और विरेन ने अपने-अपने मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वहीं, कबड्डी प्रतियोगिता में सनमदीप ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। एथलेटिक्स दौड़ स्पर्धा में छात्रा संध्या ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता। स्कूल के प्रधानाचार्य, खेल प्रशिक्षक (पीटीआई) और शिक्षकों ने विजेता खिलाडियों को सम्मानित करते हुए कहा कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ खेलों को भी समान महत्व दिया जाता है।


**फतेहाबाद।** डिवाइन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्य व अन्य।



### कुपोषित बच्चों की पहचान करें आंगनबाड़ी वर्कर्स

**सिरसा।** महिला एवं बाल विकास विभाग नाथूसरी चौपटा के तत्वावधान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौपटा में ब्लॉक स्तरीय आंगनबाड़ी वर्कर की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रथम की डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर रेनू ने की। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर रेणू ने प्ले-स्कूल रिपोर्ट कार्ड और असेसमेंट रजिस्टर पर विशेष जोर बैठक के एजेंडे के मुख्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को प्ले-स्कूल रिपोर्ट कार्ड के वितरण और उनके सही अंकन के बारे में प्रशिक्षित किया। असेसमेंट रजिस्टर के सटीक रख-रखाव और उसे समय पर अद्यतन करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और सामाजिक विकास का मूल्यांकन नियमित रूप से असेसमेंट रजिस्टर में दर्ज किया जाना चाहिए।

## साइबर ठगी और सोशल मीडिया सुरक्षा का दिया प्रशिक्षण

- डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी फ्रॉड और दहेज प्रथा पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने साइबर अपराधों और सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को गांव पीलीमंदौरी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजकीय उच्च कन्या विद्यालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में 620 विद्यार्थियों को साइबर ठगी के नए तरीकों, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, डिजिटल अरेस्ट जैसी धोखाधड़ी से बचाव और दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूक किया गया। साइबर थाना फतेहाबाद की सहायक उप निरीक्षक सुनीता ने विद्यार्थियों को बताया कि साइबर अपराधी खुद को पुलिस, सीबीआई या अन्य सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर लोगों को फोन या वीडियो कॉल के माध्यम से डराते हैं और पैसे की मांग करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी सरकारी एजेंसी या पुलिस किसी व्यक्ति को फोन या वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट नहीं करती। ऐसे मामलों में घबराने के बजाय तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस थाने से संपर्क करना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने की सलाह दी गई। पुलिस टीम ने कहा कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, अनजान लोगों से ऑनलाइन संपर्क में सतर्क रहें तथा ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी, पासवर्ड और अन्य निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। इस दौरान विद्यार्थियों को अभेद्य एप की भी जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका जागरूकता और सतर्कता है।


**फतेहाबाद।** गांव पीलीमंदोरी में विद्यार्थियों को जागरूक करतीं पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि



### मोबाइल का अधिक प्रयोग भी नशा हैः ज्योति

**ओढां।** माता हरकी देवी महिला महाविद्यालय ओढ़ा में शुक्रवार को ब्रह्माकुमारी संस्थान के सहयोग से नशा मुक्ति एवं सकारात्मक जीवनशैली विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रह्मकुमारी ज्योति ने कहा कि नशा केवल शराब, तंबाकू अथवा अन्य मादक पदार्थों का ही नहीं होता, बल्कि आज के समय में मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग भी एक प्रकार का नशा बन चुका है। उन्होंने बताया कि वर्तमान पीढ़ी मोबाइल फोन पर अनावश्यक समय व्यतीत कर अपने बहुमूल्य समय, ऊर्जा और प्रतिभा का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीक का उपयोग केवल शिक्षा, ज्ञान और आवश्यक कार्यों तक सीमित रखने का आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा कि मानवता के उत्थान और एक श्रेष्ठ समाज के निर्माण की पहली सीढ़ी विद्यार्थी होते हैं। यदि विद्यार्थी अपने जीवन में आत्मअनुशासन, सकारात्मक सोच, श्रेष्ठ संस्कार और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाएं तो वे स्वयं के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माता बन सकते हैं।

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

**समाजसेवी ईश सरना के प्रतिष्ठान पर ह्यूमन पीपल टू पीपल इंडिया के सहयोग से हुआ पौधरोपण कार्यक्रम**

केंद्र सरकार के एक पौधा माँ के नाम अभियान को टोहाना में लगातार जनसमर्थन मिल रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को इंडस्ट्रियल एरिया स्थित समाजसेवी ईश सरना के प्रतिष्ठान पर ह्यूमन पीपल टू पीपल इंडिया के सहयोग से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उद्योगपतियों, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा लोगों से पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम में ह्यूमन पीपल टू पीपल इंडिया की फतेहाबाद जिला समन्वयक शीनू ठुकराल और जिला प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर पवन कुमार अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। अभियान की शुरुआत समाजसेवी ईश सरना ने अपने प्रतिष्ठान रजत इंडस्ट्री परिसर में पौधारोपण कर की। इसके बाद उपस्थित अतिथियों ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर समाजसेवी ईश सरना ने कहा कि पेड़-पौधे केवल प्रकृति की सुंदरता नहीं बढ़ाते, बल्कि मानव जीवन की आधारशिला हैं। वे शुद्ध वायु, जल संरक्षण, छाया, फल और औषधियां प्रदान कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और लगातार घटते हरित क्षेत्र जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करना भी उतना ही आवश्यक है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करे तो यह अभियान देशभर में एक प्रभावी जनआंदोलन का रूप ले सकता है और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण मिल सकेगा।

## ब्लैकमेलर दंपती सहित तीन आरोपी काबू

**सिरसा।** पुलिस ने झूठे मुकदमे को खत्म करवाने के नाम पर ब्लैकमेल कर पांच लाख रुपये की डिमांड करने वाले दंपती सहित तीन आरोपियों को सिरसा क्षेत्र से शुक्रवार को दो लाख रुपये लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया गांव बाहिया निवासी मनोज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई संजय कुमार के खिलाफ महिला थाना में दर्ज मुकदमे को रफा-दफा कराने का झांसा देकर प्रियंका लगातार पांच लाख रुपये की मांग कर रही थी। आरोप है कि प्रियंका और उसका पति गजानंद परिवार को ब्लैकमेल कर रहे थे। सौदा दो लाख रुपये नकद और तीन लाख रुपये ऑनलाइन देने पर तय हुआ और शिकायतकर्ता को सिरसा के एक पार्क में बुलाया गया। शिकायत मिलते ही पुलिस ने अपना जाल बिछाया। शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए 500-500 रुपये के नोटों की चार गड्डियों के नंबर पहले से नोट कर लिए गए। तय योजना के तहत शिकायतकर्ता ने आरोपियों को रकम सौंपी और इशारा मिलते ही सादे कपड़ों में मौजूद पुलिस टीम ने दबिश देकर प्रियंका, उसके पति गजानंद और उनके साथी अवतार सिंह को मौके पर ही काबू कर लिया।



## शामलात देह भूमि पट्टे पर उपलब्ध कराने संबंधी नए नियम एवं शर्तें की जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा सरकार के विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत पंजीकृत स्वयं सहायता समूहों को डेयरी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पंचायत की शामलात देह भूमि पट्टे पर उपलब्ध कराने संबंधी नए नियम एवं शर्तें जारी की गई हैं। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोडऩा, डेयरी व्यवसाय को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना है। डीडीपीओ एवं उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अनूप सिंह ने बताया कि नए प्रावधानों के अनुसार संबंधित उपायुक्त ग्राम पंचायत को 500 वर्ग गज तक की शामलात भूमि दो वर्ष की अवधि के लिए पट्टे पर देने की अनुमति प्रदान कर सकेंगे। यदि हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा डेयरी संचालन को संतोषजनक पाया जाता है, तो पट्टे की अवधि को अतिरिक्त तीन वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि भूमि प्राप्त करने के लिए स्वयं सहायता समूह का कम से कम एक वर्ष से सक्रिय होना, नियमित बचत एवं ऋण का रिकॉर्ड होना, सभी सदस्य एक ही ग्राम पंचायत के निवासी होना तथा समूह में न्यूनतम 10 सदस्य होना आवश्यक है। इसके अलावा सदस्यों की बैठकों में कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति, किसी सरकारी योजना अथवा बैंक में कोई लंबित विवाद या डिफॉल्ट नहीं होना चाहिए।

### इच्छुक स्वयं सहायता समूह ऐसे करें आवेदन

उन्होंने बताया कि इच्छुक स्वयं सहायता समूह संबंधित ग्राम पंचायत को जिला परिषद अथवा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के माध्यम से अथवा सीधे आवेदन कर सकती है। यदि किसी ग्राम पंचायत में एक से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो पात्र स्वयं सहायता समूह का चयन ग्राम स्तरीय समिति द्वारा लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से पारदर्शी तरीके से किया जाएगा।

## रवि प्रदोष व्रत 26 जुलाई को, प्रदोष काल में शिव आराधना से मिलेगा विशेष फल

# जलाभिषेक और दीपदान का रहेगा विशेष महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

भगवान शिव को समर्पित रवि प्रदोष व्रत इस वर्ष 26 जुलाई, रविवार को रखा जाएगा। रविवार के दिन पडऩे के कारण इसे रवि प्रदोष कहा जाता है, जिसका धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व माना गया है। मान्यता है कि प्रदोष काल में भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय सहित पूरे शिव परिवार की विधि-विधान से पूजा करने पर जीवन के कष्ट दूर होते हैं, मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा घर-परिवार में सुख, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। श्रद्धालु इस दिन शिवालयों में जलाभिषेक और रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। श्री श्याम मंदिर के पुजारी सोनू शर्मा ने बताया कि पंचांग के अनुसार आषाढ़ शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि 26 जुलाई को दोपहर 1:57 बजे प्रारंभ होगी और 27 जुलाई को शाम 4:14 बजे समाप्त होगी। चूंकि प्रदोष काल 26 जुलाई की सायंकाल पड़ रहा है, इसलिए व्रत और पूजा-अर्चना इसी दिन की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदोष काल शाम 7:16 बजे से रात 9:21 बजे तक रहेगा। इसी अवधि में भगवान शिव की पूजा सबसे अधिक फलदायी मानी जाती है।

### ऐसे करें रवि प्रदोष पूजा

पंडित सोनू शर्मा ने कहा कि प्रातःकाल स्नान कर स्वच्छ अथवा सफेद वस्त्र धारण करें और भगवान शिव व माता पार्वती का ध्यान करते हुए व्रत का संकल्प लें। रविवार होने के कारण सबसे पहले सूर्यदेव को जल अर्पित करें। प्रदोष काल में शिवलिंग का जल, दूध, दही, शहद, घी और गंगाजल से अभिषेक करें। इसके बाद बेलपत्र, धतूरा, भस्म, चंदन, शमी के पत्ते या पुष्प तथा मौसमी फल अर्पित करें। ओम नमः शिवाय मंत्र का जाप, शिव चालीसा एवं प्रदोष व्रत कथा का पाठ करें। अंत में घी का दीपक जलाकर आरती करें और अपनी श्रद्धा अनुसार जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र या दक्षिणा का दान करें।

### रवि प्रदोष व्रत का विशेष महत्व



पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रविवार को पडऩे वाला प्रदोष व्रत सूर्य ग्रह से जुड़े दोषों की शांति, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा और आत्मविश्वास में वृद्धि के लिए विशेष फलदायी माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव की आराधना के साथ सूर्यदेव को अर्घ्य देने से पितृ दोष के प्रभाव में भी कमी आती है तथा परिवार में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है।

### प्रदोष काल में करें दीपदान और मंत्र जाप

पंडित सोनू शर्मा के अनुसार प्रदोष काल भगवान शिव की उपासना का सबसे श्रेष्ठ समय माना गया है। इस दौरान शिवलिंग का जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, दीपदान, महामृत्युंजय मंत्र और ओम नमः शिवाय का जाप करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। श्रद्धालुओं को प्रदोष काल में यथासंभव मंदिर जाकर या घर पर श्रद्धापूर्वक शिव आराधना करनी चाहिए। हालांकि विभिन्न पंचांगों में प्रदोष काल के समय में कुछ मिनट का अंतर हो सकता है, फिर भी स्थानीय पंचांग के अनुसार शाम 7:16 बजे से रात 9:21 बजे तक का समय पूजा के लिए सबसे शुभ माना गया है।

खबर संक्षेप

### डेरा बाबा श्योराम दास में वार्षिक कार्यक्रम 28 से

**सिरसा।** श्री बाबा जीतराम दास की पुण्यतिथि पर 28-29 जुलाई को डेरा श्योराम दास में वार्षिक भंडारा व सत्संग आयोजित किया जाएगा। मुख्य सेवक बाबा हरपाल दास ने बताया कि 28 जुलाई की रात्रि सत्संग का आयोजन किया जाएगा, जिसमें गोहाना से भजन गायक समुंदर दास अपनी मधुर वाणी से गुणगान कर श्रद्धालुओं को रिझाएंगे। 29 जुलाई डेरा प्रांगण में हवन यज्ञ किया जाएगा।

### सांसद सैलजा की अध्यक्षता दिशा की बैठक आज

**सिरसा।** सिरसा लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा की अध्यक्षता में शनिवार 25 जुलाई को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह बैठक प्रातः 11 बजे पंचायत भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक में संबंधित विभाग अपनी योजनाओं और कार्य की विस्तृत रिपोर्ट पेश करेंगे।

### स्विमिंग चैंपियनशिप आज से, तैयारियां पूरी

**सिरसा।** डेरा सच्चा सौदा के एमएसजी भारतीय खेल गांव में 25 जुलाई से शुरू होने वाली चार दिवसीय सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 बालक वर्ग स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए विभिन्न राज्यों की टीमें पहुंचनी शुरू हो गई हैं। खिलाड़ियों के मार्गदर्शन के लिए रेलवे स्टेशन पर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं, जबकि उन्हें खेल गांव और आवास स्थलों तक पहुंचाने के लिए विशेष परिवहन व्यवस्था की गई है।

# एलएडीसी नीति के विरोध में वकीलों ने किया प्रदर्शन

## संयुक्त एक्शन कमेटी के आह्वान पर फतेहाबाद बार एसोसिएशन के बैनर तले एकजुट हुए वकील

- किसी भी सुनवाई के लिए वकील अदालतों में नहीं हुए उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



रतिया। प्रदर्शन करते हुए रतिया के वकील। फोटो : हरिभूमि

लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एलएडीसी) नीति के विरोध में शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन फतेहाबाद के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से पूर्णतः विरत रहने का निर्णय लिया। पंजाब, हरियाणा एवं चंडीगढ़ बार एसोसिएशनों की संयुक्त एक्शन कमेटी के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने पूरे दिन अदालतों में पेशी और अन्य न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया। इसके चलते जिला न्यायालय परिसर में कामकाज ठप रहा। किसी भी सुनवाई के लिए वकील अदालतों में उपस्थित नहीं हुए।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश गेरा और सचिव एडवोकेट पुनीत भूटानी की ओर से जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल को भेजे गए पत्र में बताया गया कि 24 जुलाई को बार के सदस्य किसी भी न्यायालय में नियमित कार्य नहीं करेंगे। यह निर्णय वर्तमान लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एलएडीसी) नीति के विरोध में लिया गया है।

बार एसोसिएशन ने न्यायालयों के आवश्यक कार्य प्रभावित न हों, इसके लिए प्रॉक्सी काउंसिल की सूची भी जिला एवं सत्र न्यायाधीश को उपलब्ध कराई है। ये अधिवक्ता अन्य वकीलों की ओर से आवश्यक मामलों में अदालतों में उपस्थित रहेंगे।

बार पदाधिकारियों ने कहा कि एलएडीसी नीति को लेकर अधिवक्ताओं में व्यापक असंतोष है। इसी के चलते संयुक्त एक्शन कमेटी के निर्णय के समर्थन में फतेहाबाद बार एसोसिएशन ने भी एक दिन के लिए न्यायिक कार्य से विरत रहने का फैसला लिया।

### छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में रतिया बार एसोसिएशन का प्रदर्शन

**पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री और लाठीचार्ज पर गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग, राष्ट्रपति से निष्पक्ष जांच कराने की अपील**

**रतिया।** दिल्ली में शैक्षणिक मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को बार एसोसिएशन रतिया ने बार परिसर में धरना देकर प्रदर्शन किया। एसोसिएशन ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए राष्ट्रपति से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराने की मांग की। साथ ही पेपर लीक प्रकरण को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तथा छात्रों पर लाठीचार्ज की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग भी उठाई। बार एसोसिएशन के प्रधान वेद प्रकाश कंबोज के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन का संचालन सचिव विक्रम कंबोज ने किया। प्रदर्शन में शामिल अधिवक्ताओं ने कहा कि 20 जुलाई 2026 को संसद की ओर मार्च कर रहे देशभर के छात्रों पर पुलिस द्वारा कथित रूप से लाठीचार्ज और अत्यधिक बल प्रयोग किया गया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक और छात्र को अपनी समस्याएं एवं मांगें शांतिपूर्ण तरीके से सरकार के समक्ष रखने का संवैधानिक अधिकार है। शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग नागरिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने मांग की कि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। इस दौरान बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष गगनदीप सिंह गिल, वित्त सचिव राधेश्याम मशाल, संयुक्त सचिव रविंद्र सिंह खाई सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

कांग्रेस विधायक जरनैल पर बीजेपी मेहरबान

# 1.49 करोड़ मंजूर, कई गांवों में बनेंगी गलियां, चौपाल व धर्मशाला

**रतिया।** हरियाणा की बीजेपी सरकार रतिया के कांग्रेसी विधायक जरनैल सिंह पर खूब मेहरबान है। सरकारी कार्यक्रमों में चीफ गेस्ट बनाने के बाद अब उनके रतिया विधानसभा क्षेत्र में डेढ़ करोड़ रुपए के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है। विकास एवं पंचायत विभाग ने हरियाणा ग्रामीण विकास योजना के तहत 1 करोड़ 49 लाख 25 हजार रुपए मंजूर किए हैं। इस राशि से ग्रामीण विकास के 16 कार्यों को सिरे चढ़ाया जाएगा। विकास एवं पंचायत विभाग के स्पेशल सेक्रेटरी अनीश यादव की ओर से जारी विकास कार्यों की लिस्ट को रतिया विधायक जरनैल सिंह को भी भेजा गया है। बता दें कि, राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग में नाम सामने के बाद से लगातार जरनैल सिंह बीजेपी के चहेते बने हुए हैं। इन दिनों खुद जरनैल सिंह भी पूरी तरह बीजेपी के रंग में रंगे नजर आते हैं, उन्हें जिला स्तर के कार्यक्रमों में भी कभी मुख्य तो कभी विशिष्ट अतिथि बनाया जाता है। पिछले दिनों वह पीएम नरेंद्र मोदी के जींद कार्यक्रम से एक दिन पहले बीजेपी कार्यालय में भी पहुंचे हुए नजर आए थे।



विधायक जरनैल सिंह।

### इन गांवों में होंगे विकाय कार्य

प्रदेश सरकार की ओर से रतिया ब्लॉक के गांव हमजापुर में जंगीर सिंह से रिशपाल सिंह के घर तक गली निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, गांव भूंदड़वास में काला टेलर के घर से मेन फिरनी तक की गली बनाने के लिए 6.91 लाख रुपए, गांव अकांवाली में राजाराम नूनिया के घर से रामेश्वर हुड्डा के घर तक 3.72 लाख रुपए से गली बनेगी। वहीं, बहल भोमिया रामपुरा गांव में मुख्य सडक से सोहन सिंह के घर तक आईपीबी गली निर्माण के लिए 7.37 लाख रुपए और गांव चंदो कलां में सरदार अमरजीत सिंह की ढाणी से मलकीत सिंह की ढाणी तक रास्ते के निर्माण के लिए 14 लाख 98 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

### 9.58 लाख से बनेगा शेड

रतिया ब्लॉक के गांव अहरवां में सामुदायिक भवन के पास आयरन शेड लगाने के लिए 9.58 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। फतेहाबाद ब्लॉक के गांव शहीदांवाली में एससी चौपाल में हॉल और आयरन शेड निर्माण के लिए 16.17 लाख रुपए, गांव भूथन कलां की श्रीकृष्ण गौशाला में आयरन शेड लगाने के लिए 10.29 लाख रुपए, गांव अहरवां की एससी चौपाल में आयरन शेड लगाने के लिए भी 9.58 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

### इन गांवों की भी सुधरेगी सूरत

गांव सुखमनपुर के कब्रिस्तान में 10 लाख 29 हजार रुपए से बाउंड्री वॉल, गांव कंवलगढ़ की ई-लाइब्रेरी में फर्नीचर के लिए 4 लाख 94 हजार रुपए, गांव बादलगढ़ के गुरु रविदास भवन में कमरे और टॉयलेट निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, गांव बलियाला में एससी चौपाल निर्माण के लिए 11 लाख 50 हजार रुपए, गांव भोडियाखेड़ा की गुरु रविदास धर्मशाला में हॉल निर्माण के लिए 19 लाख 40 हजार रुपए मंजूर।

# कलाकारों ने नाटक के माध्यम से दिया माता-पिता के सम्मान का सशक्त संदेश

- तीन दिवसीय बाल नाट्य उत्सव का शुभारंभ

**सिरसा।** हरियाणा कला परिषद कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में तीन दिवसीय बाल नाट्य उत्सव का शुभारंभ विवेकानंद स्कूल में हुआ। उत्सव के प्रथम दिवस पर केएल थिएटर द्वारा सामाजिक सरोकारों पर आधारित नाटक मुक्तिधाम का प्रभावशाली मंचन किया गया। नाटक मुक्तिधाम में दशार्या गया कि आधुनिक जीवन में सफलता, धन और भौतिक सुख-सुविधाओं की अंधी दौड़ में युवा पीढ़ी अपने ही माता-पिता के त्याग, प्रेम और संस्कारों को भूलती जा रही है। नाटक ने अत्यंत मार्मिक ढंग से संदेश दिया कि माता-पिता का सम्मान, उनकी सेवा और उनके साथ बिताया गया समय ही जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि और सच्ची सफलता है। कर्ण लढा के संवेदनशील निर्देशन तथा कलाकारों के सशक्त अभिनय ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि राम सिंह यादव ने कहा कि रंगमंच समाज को जागरूक करने का सबसे प्रभावशाली माध्यम है। बाल नाट्य उत्सव बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सांस्कृतिक चेतना का विकास करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुभाष बजाज ने कहा कि ऐसे नाटक समाज में पारिवारिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं।



सिरसा। नाटक का मंचन करते कलाकार।

### ग्रुप-डी कर्मचारियों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण

**सिरसा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), डिंग में जिले के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में कार्यरत ग्रुप-डी कर्मचारियों के लिए आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। विषय विशेषज्ञ राकेश मोहन ने प्रतिभागियों से चौथे दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम का फीडबैक प्राप्त करते हुए समापन दिवस की रूपरेखा से अवगत करवाया। इसके उपरांत डॉ. राजेश खुराना ने कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति यौन उत्पीडऩ की रोकथाम विषय पर सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्य वातावरण, कर्मचारियों के अधिकार एवं कर्तव्यों तथा शिकायत निवारण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

# ब्रह्मकुमारी आश्रम के सामने चिकन कॉर्नर पर बढ़ा विवाद, कार्रवाई नहीं होने से लोगों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गोहाना अड्डे पर एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। सोमवार देर रात एक कार चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार सीधे डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और चालक को मामूली चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार काफी तेज गति में थी और अचानक मोड़ के पास चालक संतुलन नहीं बना सका। इसके चलते वाहन डिवाइडर पर चढ़ गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत चालक को कार से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। लोगों का कहना है कि गोहाना अड्डा क्षेत्र में यह पहला हादसा नहीं है। यहां पहले भी कई बार सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।



अशोक नगर में स्थित चिकन कॉर्नर।

### बदबू से आसपास के लोगों हो रही परेशानी

**फतेहाबाद।** शहर के अशोक नगर स्थित ब्रह्मकुमारी आश्रम के ठीक सामने संचालित मदन चिकन कॉर्नर को लेकर स्थानीय लोगों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। वार्डवासियों और नगर पार्षद का आरोप है कि कई बार नगर परिषद अधिकारियों से मिलकर दुकान को बंद कराने या अन्य स्थान पर शिफ्ट कराने की मांग की जा चुकी है। अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन भी दिया, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे लोगों में नगर परिषद की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चिकन कॉर्नर से निकलने वाली दुर्गंध के कारण इस मार्ग से गुजरना मुश्किल हो गया है। आश्रम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं और बुजुर्ग ध्यान व आध्यात्मिक कार्यक्रमों के लिए आते हैं। ऐसे में आश्रम के मुख्य द्वार के सामने मांसाहारी सामग्री की बिक्री और उससे फैलने वाली बदबू श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को भी प्रभावित कर रही है। आसपास रहने वाले परिवारों का भी कहना है कि उन्हें हर समय दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। वार्डवासियों के अनुसार इस संबंध में कई बार लिखित और मौखिक शिकायतें नगर परिषद अधिकारियों को दी गईं। पार्षद भी अधिकारियों से मिल चुके हैं। हर बार जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया गया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते कार्रवाई की जाती तो समस्या इतनी गंभीर नहीं होती।

# सेम की समस्या से निजात दिलाने के लिए बड़ोपल पंचायत ने शुरू किया सबमर्सिबल

**फतेहाबाद।** पिछले कई दशकों से सेम की समस्या से जूझ रहे गांव बड़ोपल के किसानों को अब राहत मिलगी। शुक्रवार को गांव पंचायत की ओर से अपने फंड से स्थापित किए गए नए सबमर्सिबल ट्यूबवेल का शुभारंभ सरपंच प्रतिनिधि सुभाष गौड ने बटन दबाकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गांव में सेम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए कई स्तर पर कार्य किया गए है। जरूरत के अनुसार भविष्य में भी नए सबमर्सिबल ट्यूबवेल लगाए जाएंगे। जिसका असर अब दिखने लगेगा। सरपंच प्रतिनिधि सुभाष गौड़ ने बताया कि सेम की समस्या के कारण कई वर्षों से किसानों की बड़ी मात्रा में कृषि भूमि प्रभावित होती रही है, जिससे फसलों के उत्पादन और किसानों की आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। इसी समस्या के समाधान के लिए पंचायत ने अपने संसाधनों से गांव के विभिन्न स्थानों पर सबमर्सिबल ट्यूबवेल स्थापित करने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि अब तक पंचायत पांच सबमर्सिबल ट्यूबवेल लगा चुकी है। इसके अलावा पंजोड़ी क्षेत्र में एक ट्यूबवेल स्थापित किया जा चुका है और जल्द ही वहां दूसरा ट्यूबवेल भी लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सबमर्सिबल ट्यूबवेल से जल्द सेम की समस्या खत्म होती है।



फतेहाबाद। सबमर्सिबल ट्यूबवेल की बटन दबाकर शुरू करते सरपंच प्रतिनिधि सुभाष गौड।

**अदालत में पेश करने के बाद पुलिस रिमांड पर लेने का करेगी प्रयास**

# आकाशदीप हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता, दसवां आरोपी भी गिरफ्तार

## करीब एक साल पुराने हत्याकांड में जाखल पुलिस की कार्रवाई जारी, अपहरण के बाद गई थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

करीब एक वर्ष पुराने आकाशदीप हत्याकांड में जाखल पुलिस को एक और अहम सफलता मिली है। पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे एक अन्य सह-आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान गांव रूपावाली निवासी संदीप कुमार पुत्र देवराज के रूप में हुई है। इस गिरफ्तारी के साथ ही मामले में अब तक पकड़े गए आरोपियों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लेने का प्रयास करेगी, ताकि वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं और घटनाक्रम की गहनता से जांच की जा सके। पुलिस के अनुसार यह मामला 10 अगस्त 2025 को हुई एक सनसनीखेज वारदात से जुड़ा है। गांव मुस्साखेड़ा निवासी हैप्पी की शिकायत पर दर्ज मुकदमे में आरोप लगाया गया था कि उसके चचेरे भाई आकाशदीप सिंह का आरोपियों ने अपहरण कर लिया था। इसके बाद उसे गांव रूपावाली ले जाकर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा गया। घायल आकाशदीप को बाद में घासवा रोड पर छोडक़र आरोपी फरार हो गए। जहां से उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



पुलिस द्वारा आकाशदीप हत्याकांड में गिरफ्तार किया गया आरोपी।

### वारदात की जांच जारी

घटना के बाद थाना जाखल पुलिस ने हत्या, अपहरण और अन्य गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने एक-एक कर नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि मामले में संदीप कुमार फरार चल रहा था। लगातार की जा रही तलाश और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने उसे भी दबोच लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जांच में संदीप कुमार की भूमिका सामने आने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच अभी जारी है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### चेयरमैन के आवास बोर्ड पर पोती कालिख, भाजपा में रोष

**सिरसा।** भाजपा नेता एवं हरियाणा श्रम बोर्ड के चेयरमैन रोहताश जांगड़ा के आवास बोर्ड पर शरारती तत्व कालिख पोत कर सीजेपी लिख गए। इस घटना से भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। यह घटना वीरवार रात्रि की बताई जा रही है। भाजपा नेता रोहताश जांगड़ा का सिरसा के हिसार रोड पर आवास है। कॉलोनी के प्रवेश द्वार पर नगर परिषद द्वारा संकेतक बोर्ड लगाया गया है, जिस पर शरारती तत्व कमल के फूल पर कालिख पोत गए और सीजेपी लिख गए हैं। चेयरमैन रोहताश जांगड़ा ने बताया कि शरारती तत्वों ने रात को इस घटना को अंजाम दिया है। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रहे है, ताकि शरारती तत्वों का पता चल सके। बताया जा रहा है कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर युवाओं व छात्रों द्वारा किए जा रहे आंदोलन से संबंधित अन्य पोस्टर भी कॉलोनी में लगाए गए हैं। बोर्ड पर कालिख पोतने से भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष देखा जा रहा है।





# सीडीएलयू के पांच शोधार्थियों का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के पांच शोधार्थियों का हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) इन कॉमर्स के पद पर चयन हुआ है। हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित अंतिम परिणाम में विभाग के पांच शोधार्थियों कुणाल, कैलाश चंद्र, आंचल, महक तथा दीक्षा ने सफलता प्राप्त कर विश्वविद्यालय एवं विभाग का नाम रोशन किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार तथा कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विभागाध्यक्ष प्रो. कपिल चौधरी ने कहा कि एक ही चयन सूची में विभाग के पांच शोधार्थियों का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन होना अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है। यह उपलब्धि शोधार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, समर्पण और विभाग द्वारा प्रदान किए जा रहे गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह सफलता विभाग के अन्य शोधार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है और उन्हें अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा देगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005

**राहत** नगर परिषद प्रशासन ने दो माह के लिए पुरानी एजेंसी को ही दिया टेंडर, शहर में सफाई शुरू

# भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा के प्रयास लाए रंग, एक माह से नहीं हो रही थी शहर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा।

- सफाई का टेंडर समाप्त होने के बाद शहर के कई वार्डों में में हो रही थी परेशानी

पिछले करीब एक महीने से शहर के कई हिस्सों में प्रभावित सफाई व्यवस्था को लेकर उठ रही जनता की परेशानियों के बीच भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा के प्रयास रंग लाए। नगर परिषद प्रशासन ने पुरानी एजेंसी को दो माह के लिए पुनः सफाई कार्य का जिम्मा सौंप दिया है। इसके साथ ही शहर में सफाई कार्य दोबारा शुरू हो गया, जिससे नागरिकों ने राहत की सांस ली। गौरतलब है कि सफाई का टेंडर समाप्त होने के बाद शहर के कई वार्डों में करीब 30 दिनों से नियमित सफाई नहीं हो पा रही थी। हालात को गंभीरता से लेते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा ने तत्काल नगर परिषद चेयरमैन राजेंद्र सिंह खिंची एवं उपाध्यक्ष सविता टूटेजा को जिला भाजपा कार्यालय उदयकमल में बुलाकर बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने जिला उपायुक्त डॉ. विवेक भारती तथा डीएमसी प्रवीण कुमार से फोन पर बातचीत कर शहरवासियों की परेशानी से अवगत कराया और तुरंत समाधान की मांग की।

प्रशासन ने मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुरानी एजेंसी को अस्थायी रूप से दो माह के लिए सफाई कार्य का जिम्मा सौंप दिया, ताकि नई टेंडर प्रक्रिया पूरी होने तक शहर की सफाई व्यवस्था बाधित न हो। नई व्यवस्था के तहत एजेंसी लगभग 130 सफाई कर्मचारियों के साथ शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई कार्य कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा ने कहा कि शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है।

### समस्या के समाधान से मिलेगी राहत

शहरवासियों ने भी सफाई कार्य दोबारा शुरू होने पर संतोष व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि अब नियमित रूप से सफाई व्यवस्था सुचारु बनी रहेगी। बता दें कि यदि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीन जोड़ा इस मामले में हस्तक्षेप ना करते तो समस्या का समाधान नहीं होता और शहर में बीमारियों का खतरा बढ़ सकता था।